तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 दिसंबर 2024



12 गुरु घासीदास जयंती समारोह में पंथी नृत्य और ...



13 दोषियों को बचाने को अड़ा प्रशासन






## खबर संक्षेप



### ट्राइबल योद्धा ने 7 रन से जीता एसपीएल 5 का फाइनल मैच

**सुकमा।** प्रीमियर लीग 5 के फाइनल मैच में ट्राइबल योद्धा ने रोमांचक जीत दर्ज की। खिताबी मुकाबले में अब्दुल अनस खान के शानदार 54 रनों की बदौलत गोल्डन वैली को 7 रन से हराया। अब्दुल अनस खान प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 2 लाख 22 हजार की नगद और उपविजेता टीम को 1 लाख 11 हजार नकद राशि दी गई। नगर के मिनी स्टेडियम में बुधवार को एसपीएल 5 का फाइनल मैच ट्राइबल योद्धा और गोल्डन वैली के बीच खेला गया। गोल्डन वैली ने टॉस जीतकर ट्राइबल योद्धा को बैटिंग के आमंत्रित किया। सलामी बैटर्स रविन्द्र और समित ठाकुर ने टीम को खराब शुरुआत दी। पहला विकेट ट्राइबल योद्धा के कप्तान समित ठाकुर के रूप में 11 रन पर गिरा। इसके बाद रविंद्र और सुकेश के बीच 31 रनों की साझेदारी हुई। ट्राइबल योद्धा की ओर से अब्दुल अनस खान ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए टीम को 156 रनों तक पहुंचाया। गोल्डन वैली की ओर से शाश्वत यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्डन वैली की टीम ने 19.3 ओवर में आल आउट होकर 149 रन बनाया। गोल्डन वैली को ओर से बैटर शशांक नेताम ने 31 गेंद में 34 रन और आदित्य कोर्राम ने 28 गेंद में 32 सर्वाधिक रन बनाए। इसके साथ ही प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बैटर कारण दीप सग्गू, बेस्ट विकेट कीपर लक्ष्मीकांत और बेस्ट बॉलर अब्दुल अनस रहे।

■ अंतिम ओवर तक रोमांचक रहा खिताबी मुकाबला

### सुकमा जिले में 1.72 लाख क्विंटल धान की खरीदी

**सुकमा।** समर्थन मूल्य पर जिले के किसानों से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। धान उपार्जन हेतु जिले में 25 केन्द्र बनाए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर की स्थिति में जिले के पंजीकृत किसानों से 1 लाख 72 हजार 888 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धान उपार्जन केन्द्र एर्राबोर में 2 हजार 908 क्विंटल, कुकनार में 4 हजार 969 क्विंटल, केरलापाल में 13 हजार 276 क्विंटल, कांजीपानी में 3 हजार 805 क्विंटल, कोडरीपाल में 10 हजार 830 क्विंटल, कोंटा में 6 हजार 439 क्विंटल, गादीरास में 10 हजार 434 क्विंटल, मानकापाल में 155 क्विंटल, किस्टाराम में 3 हजार 836 क्विंटल, गोलापल्ली में 4 हजार 576 क्विंटल, चिंतागुफा में 299 क्विंटल, छिंदगढ़ में 10 हजार 632 क्विंटल, बिरसठपाल में 12 हजार 92 क्विंटल, गुरसगुण्डा में 00 क्विंटल, चिड़पाल में 5 हज़ार क्विंटल, तोंगपाल 9 हजार 123 क्विंटल, दोरनापाल में 4 हजार 800 क्विंटल, नेतानार 12 हजार 692 क्विंटल, पुसपाल 9 हजार 87 क्विंटल, पोलमपल्ली में 755 क्विंटल, गुडरा में 10 हज़ार क्विंटल , मुड़पल्ली में 4 हज़ार 518 क्विंटल, कुंदनपाल में 1 हज़ार क्विंटल , सुकमा में 26 हज़ार 408 क्विंटल और धान उपार्जन केंद्र सोना कुकानार में 4 हजार 822 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है। इसी प्रकार जिले में धान का उठाव 280 क्विंटल हुआ है। जिला प्रशासन के द्वारा धान उठाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

# 4 लाख 55 हजार 640 क्विंटल धान की खरीदी, उठाव केवल 2 लाख 88 हजार 537 क्विंटल

## कांकेर और कोंडागांव दो जिले में बफर लिमिट से ज्यादा है धान डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में तेजी आने से बस्तर सभांग के दो जिला कांकेर और कोंडागांव में बफर लिमिट से ज्यादा अनेक केंद्रों में स्थिति बनी है। समय पर उठाव नहीं होने से खरीदी प्रभारियों के हाथ-पांव फूलने लगे है। उपार्जन प्रभारी की चिंता जायज भी है,कारण सबसे ज्यादा समस्या सूखत के साथ चूहों और मवेशियों से नुकसान का खतरा बना है।

बरहहाल बस्तर संभाग में बुधवार तक 45 लाख 56 हजार 403 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जबकि उठाव केवल 2 लाख 88 हजार 537 क्विंटल टन हुआ है। ऐसे में खरीदी प्रभारियों के हाथ-पांव फूलना स्वाभाविक है। सम्भाग के दो जिले कांकेर और कोंडागांव में अनेक केंद्र बफर लिमिट से ज्यादा है। कांकेर जिले सर्वाधिक 17 लाख 75 हजार 913 क्विंटल टन खरीदी हुई है,जिसमे उठाव केवल 1 लाख 12 हजार 576 क्विंटल का हुआ है। वही कोंडागांव जिले में अब तक 13 लाख हजार 6 हजार 745 क्विंटल खरीदी के विरुद्ध उठाव 1 लाख 26 हजार 609 क्विंटल का हुआ है।

खरीदी प्रभारियों के हाथ पांव फूले



फाइल फोटो

### कहां कितनी खरीदी

बस्तर जिले में अब तक 8 लाख 69 हजार 83 क्विंटल, बीजापुर में 2 लाख 57 हजार 780 क्विंटल,नारायणपुर में 1 लाख 33 हजार 244 क्विंटल, सुकमा में 1 लाख 72 हजार 888 क्विंटल और दन्तेवाड़ा में 40 हजार 748 क्विंटल खरीदी हुई है।

## विधायक लखेश्वर बघेल ने उठाया सवाल, खाद्य मंत्री ने व्यवस्था सुधारने का दिया आश्वासन

# बस्तर की राशन दुकानों में कम खाद्यान्न आपूर्ति का मामला विधानसभा में गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में सरकारी राशन दुकानों में खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी, कम आपूर्ति पर मंगलवार को विधानसभा में विधायक लखेश्वर बघेल ने खाद्य मंत्री दयालदास बघेल को घेरा। मंत्री ने भी कई शिकायतों में गड़बड़ी मिलने की बात कहते हुए व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया।

विधायक ने खाद्य मंत्री से पूछा कि जिला बस्तर में ऐसी कितनी राशन दुकानें हैं जहां दुकान प्रभारियों ने उन्हें आवश्यकता से कम मात्रा में खाद्यान्न सामग्री प्राप्त होने की शिकायत, जानकारी दी? विकासखण्डवार जानकारी दें? क्या जिला बस्तर में राशन दुकानों द्वारा कम मात्रा में सामग्री प्रदाय करने अथवा सामग्री दिये ही नहीं जाने की शिकायतें प्राप्त हुई? यदि हां तो उसकी जानकारी दें? इस परिप्रेक्ष्य में विभाग के द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में बताएं। जवाब में खाद्य मंत्री ने बताया कि बस्तर जिले में वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवंबर 2024 तक उचित मूल्य दुकानों में आवश्यकता से कम मात्रा में खाद्यान्न भण्डारण होने के कारण विकासखण्ड जगदलपुर में 231 उचित मूल्य दुकान, बस्तर में 232 उचित मूल्य दुकान, बकावण्ड में 131 उचित मूल्य दुकान, बास्तानार में 84 उचित मूल्य दुकान, दरभा में 112 उचित मूल्य दुकान, तोकापाल में 96 उचित मूल्य दुकान, लोहण्डीगुड़ा में 93 उचित मूल्य दुकान द्वारा अतिरिक्त आबंटन की मांग की गई है। उसमें चावल का आवंटन राशन दुकान वाले लोगों ने मांग की है तो जिला को अधिकार है,



अगर राशन दुकान वाले चावल की मांग करते हैं तो दिया जाये। खाद्य मंत्री ने बताया कि राज्य स्तर पर राशन कम नहीं जाता है, राशन कम की जो बात है उसमें दो महीने पूर्व का लिया जाता है, दो महीने पहले का वहां जो राशन बचा रहता है उसको कटौती करके भेजा जाता है। जमीनी लेबल की जानकारी नहीं है। विधायक श्री लखेश्वर ने कहा कि जमीनी लेवल पर जानकारी मंत्री जी नहीं दे रहे हैं लेकिन हर महीने प्रत्येक दुकान में 50 प्रतिशत राशन बिक जाता है। अतिरिक्त मांग की जाती है जो कि समय पर उपलब्ध नहीं कराया जाता है, यदि समय पर उपलब्ध नहीं होगा, आप दूसरे महीने में उपलब्ध करायेंगे तो फिंगर कैसे लेंगे? आपकी मशीन तो लोड ही नहीं लेती है। भारी अनियमितता है, इसको थोड़ी गंभीरता से लीजिये। बार-बार अवगत करा रहा हूं, पूरे प्रदेश की ऐसी ही स्थिति है, विभाग इसको गंभीरता से नहीं ले रहा है। मेरी मंशा यह है कि व्यवस्था सुधरे । हम लोग इसके लिये ही प्रश्न करते हैं। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि क्या बस्तर में व्यवस्था को सुधारेंगे? मंत्री श्री दयालदास बघेल ने कहा जी, हां पूरी व्यवस्था सुधारेंगे।

### वितरण मशीन खराब, नेटवर्क नहीं

*विधायक लखेश्वर बघेल 2-3 और व्यवस्था है। आपकी जो वितरण मशीन है, जो वितरण मशीन उपलब्ध करायी गयी यह कब खरीदी गयी थी और कितने लागत की है ? वह मशीन बार-बार खराब हो रही है, हर महीने में से 8-10 दिन तो मशीन को बनाने में लग जाता है तो उस संबंध में थोड़ा बताइएगा, मंत्री श्री दयालदास बघेल ने जवाब में कहा कि जहां भी मशीन खराब होने की शिकायत है उसको बदल देंगे।*

### 15 में 14 शिकायतें सही

लखेश्वर बघेल ने प्रश्न काल में कहा कि वे जुलाई से अब तक मंत्री, सचिव कलेक्टर को 15-20 पत्र लिख चुके हैं। लेकिन खाद्यान्न व्यवस्था में सुधार नहीं आया है। 40-50 प्रतिशत तक कम राशन दिया जा रहा है। मंत्री दयाल दास ने कहा कि शिकायतें मिलती रहीं है। दुकानों ▶▶| शेष पेज 12 पर

# निगम कर्मियों की हड़ताल से मूलभूत सुविधाएं हुईं बाधित, लोग हलाकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नवनियुक्त अधिकारी, कर्मचारी संघ के 250 अधिकारी-कर्मचारी संघ अपनी जायज मांगो को लेकर पिछले सप्ताहभर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। बुधवार को धरनास्थल पर ही आंदोलनरत कर्मचारियों ने गुरु घासीदास की जयंती मनाई। इस दौरान हड़ताली कर्मचारियों ने बाबा घासीदास के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर पूजा की। साथ ही सरकार को सद्बुद्धि देने की कामना की। कर्मचारी वेतन भुगतान, एरियर्स भुगतान समेत 6 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। कर्मचारी शहर के कृषि उपज मंडी के पुराने परिसर में धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी कर रहे हैं। संघ के अध्यक्ष जगदीश बघेल एवं सचिव राजेश ध्रुव ने बताया कि मांगों पर शासन कोई सार्थक पहल नहीं कर रहा है, अब तक सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। नगरीय निकाय के कर्मचारी ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ नवनियुक्त अधिकारी, कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

### प्लेसमेंट ठेका पद्धति खत्म हो

बताया जा रहा है कि लंबित वेतन भुगतान सहित एक तारीख को ट्रेजरी के जरिए वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। नगरीय निकायों के प्लेसमेंट ठेका पद्धति को खत्म किया जाए। ओल्ड पेंशन योजना जल्द लागू किया जाए। मृत कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। 12 वर्ष की सेवा पूरा करने वाले कर्मचारियों को जल्द ही पदोन्नति का लाभ दिया जाए एवं छठवें और सातवें वेतनमान की एरियर राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए।

# पीएमजीएसवाय के इंजीनियर सड़क पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण की जिम्मेदारी पीएमजीएसवाय के हाथों है। शहर की सड़कें तो चकाचक रखने निर्माण एजेंसी दिनरात जुटी रहती है लेकिन गांव की सड़कों पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारी उतना ध्यान नहीं देते। प्रदेश के गृह मंत्री बस्तर प्रवास पर अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों का भृमण के दौरान ग्रामीण सड़कों की हालात से रूबरू हुए। कुछ क्षेत्र में सड़क की जर्जर हालत देख वे इसे संज्ञान में लेते सबंधित विभाग के आला अधिकारियों को तलब कर बैठक की। बैठक में पीएमजीएसवाय इंजीनियर मंत्री के वापस लौटते ही सड़क पर उतर कार्य प्रारम्भ किया।

मालूम हो कि मेंटेनेंस और रखरखाव को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा दिये गए निर्देश के बाद ग्राउंड जीरो में विभाग के मुख्य अभियंता हरिओम शर्मा व अन्य अधिकारियों ने पर्यटन स्थल चित्रकोट से लेकर छिंदावाड़ा, उसरीबेड़ा से लेकर मुंडीगुड़ा व बारसूर से करियागुड़ा, बडांजी, कुम्हाली सड़कों का निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता ने ठेकेदारो को इन सभी सड़कों को 6 माह तक मेंटेनेंस पीरियड बढ़ाने का आदेश दिया है। इसके अलावा पिछले 6 माह का भुगतान को जीरो किया जाना भी बताया है। सड़क बनाने वाले सभी ठेकेदारों को कार्य में गुणवत्तापूर्ण नहीं किये जाने पर आगामी होने वाली टेंडर प्रकिया में भाग नहीं करने की भी चेतावनी ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ प्रदेश के युवा तेज तर्रार मंत्री के एक्शन में आते ही ग्राउंड जीरो पर दिखने लगा असर





# विद्युत कंपनी बेहतर बिजली सेवा देने जगरगुंडा में बना रहा उपकेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा देने के लिए बस्तर संभाग के सुकमा जिले अंतर्गत सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जगरगुंडा में 33, 11 केव्ही उपकेन्द्र का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में उक्त क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति दोरनापाल उपकेन्द्र से निकलने वाली 11 केव्ही जगरगुंडा फीडर से की जा रही है, जिसकी लंबाई अधिक होने के कारण ट्रिपिंग एवं व्यवधान अधिक होता है। जगरगुंडा में उपकेन्द्र बनने से जगरगुंडा, सिलगेर, सलातोंग, डब्बामारका, किस्टारम, गोलापल्ली, चिंतलनार आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति में गुणात्मक सुधार होगा। साथ ही ऐसे गांव के ग्रामीणों को ट्रिपिंग एवं व्यवधान की ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ उपकेन्द्र होने से उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग व व्यवधान से मिलेगा छुटकारा

# कोपागुड़ा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को लेकर कांग्रेस करेगी 21 को पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरनार के ग्राम पंचायत मारकेल 1 में कोपागुड़ा में एनएमडीसी द्वारा बनाए जाने वाले सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को भाजपा सरकार द्वारा निरस्त करने के विरुद्ध विनिवेशीकरण के नाम पर निजीकरण, स्थानीय युवाओं के रोजगार को लेकर 21 दिसम्बर को पहले चरण की विशाल पदयात्रा की शुरुआत की जाएगी। इस पदयात्रा कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणजन मौजूद रहेंगे। श्री मौर्य ने बताया बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक में 22 एकड़ जमीन खूटपदर में जमीन आवंटित की गई थी। जिस पर एनएमडीसी की साफ प्रतिक्रिया आई थी कि हम अस्पताल नहीं बनाएंगे। एनएमडीसी ने वादा किया था कि अस्पताल हम बनायेंगे, किंतु भाजपा सरकार उस प्रोजेक्ट पर पूर्णतः ग्रहण ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ नगरनार ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैठक में पूर्व विधायक ने बनाई रणनीति



### सरकार पूरी तरह निष्क्रिय

रेखचंद जैन ने कहा कि सरकार ने सिर्फ बस्तर के लोगों को छलने का काम किया। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर यह सरकार पूरी तरह से निष्क्रिय साबित हो चुकी है। 21 दिसम्बर को कांग्रेस पार्टी खूटपदर के कोपागुड़ा में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की मांग व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर नगरनार से खूटपदर व खूटपदर से लेकर जगदलपुर तक की विशाल पदयात्रा करेगी।

## जिले के 3600 परिवारों को तेंदूपत्ता संग्रहण पर दिया गया 12.44 करोड़

# हरा सोना ने बदली ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों की तकदीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर में हरे सोने के जरिए वनांचल के ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाया। यहां स्थानीय लोगों द्वारा तेंदूपत्ता को हरा सोना कहा जाता है। जंगलों में मिलने वाला यह पत्ता मूल रूप से बीड़ी बनाने के काम आता है, लेकिन यह यहां के ग्रामीणों की आय का प्रमुख जरिया भी है।

वन विभाग ने जिले के 3600 परिवारों को तेंदूपत्ता संग्रहण पर 12 करोड़ 43 लाख 95 हजार 749 रूपए का भुगतान किया गया। स्थानीय जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ता बुधरी, निशा, सुकरी ने बताया कि जंगलों में सुबह 4 बजे से ही तेंदूपत्ता संग्रहण करने के लिए निकलते थे। जंगलों-पहाड़ों पर स्थित तेंदू के पौधों से एक-एक कर पत्ता संग्रहित किए हैं। तोड़ने के बाद सभी पत्तों का गड्डी तैयार करते हैं। एक गड्डी में 50 पत्ते होते हैं, 25-25 पत्ते अलग-अलग दिशा में रखकर उन्हें एक गड्डी के रूप में रस्सी से बांधते थे। गड्डी तैयार होने पर शाम को फड़ में ले जाकर उसे बेचते थे, जहां फड़ मुंशी के निरीक्षण के पश्चात गड्डी को फड़ (पत्ता सुखाने चिन्हित स्थान) में सुखाते हैं। बताया कि सप्ताह भर तक पलट-पलट कर दोनों तरफ अच्छी तरह पत्ते को सुखाते थे। गड्डी की सभी पत्तियां में सही लालिमा आने पर सभी गड्डिओं को एकत्रित कर हल्का पानी छिड़कते थे। इसके बाद इसे पॉलिथीन से 3 से 4 घंटे के लिए ढंक कर रखते हैं। पॉलीथिन हटाने पर पत्ता मुलायम होता है। मुलायम होकर पत्ता पूरी तरह मुड़ जाता है, जिसे आराम से बोरी में पैक करते हैं।



### यूनियन को हस्तांतरित

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में 3600 परिवार के पारिश्रमिकों को राशि यूनियन में हस्तांतरित कर दी गई है। इस कार्य में यूनियन के साथ-साथ एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश रात्रे, आईपी बंजारे, परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारी जुटे रहे।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप




### केशकाल नगर पंचायत में निविदा को लेकर बवाल

**केशकाल।** केशकाल नगर पंचायत द्वारा चुनाव के पूर्व जारी निविदा 2119 को लेकर परिषद की लगातार बैठके जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो पार्षद निविदा का विरोध कर रहे हैं। और लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वर्तमान में यहां की सत्ता कांग्रेस के पास है। वर्तमान उजागर हुए निविदा मामले के चुनाव में ज्यादा उठने की संभावना है। उसी कारण परिषद इसी मुद्दे को सुलझाने के लिए लगातार बैठकें कर रही है। दो पार्षद मामले को लेकर कार्रवाई पर अड़े हुए हैं। अब पूरी गेंद दो पार्षद के पाले में है। यही इन दिनों चर्चा में है।

### शालेय शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा सचिव के साथ हुई बैठक



**रायपुर।** शालेय शिक्षक संघ ने राज्यस्तरीय पदोन्नति के लिए डीपीआई द्वारा जारी वरिष्ठता सूची में हुई गम्भीर त्रुटियों को सामने लाते हुए उसे दूर कर जल्द पदोन्नति देने की मांग की है। संगठन की ओर से इसके लिए ज्ञापन के साथ त्रुटियों की सूची भी विभाग को सौंपी गई थी। इसी सिलसिले शिक्षा सचिव कार्यालय से आमंत्रण मिलने पर शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, अवर सचिव आरपी वर्मा और उपसंचालक आशुतोष चावरे के साथ मंत्रालय में बैठक हुई। बैठक में प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, महासचिव धर्मेश शर्मा तथा कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने इस मौके पर राज्यस्तरीय पदोन्नति के लिए जारी वरिष्ठता सूची की गंभीर त्रुटियों को दूर करने तथा प्राचार्य और व्याख्याता पद पर जल्द पदोन्नति देने की मांग रखी। प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बैठक के बाद बताया कि शिक्षा सचिव के साथ बैठक सार्थक रही। उन्होंने इन त्रुटियों को जल्द दूर कर प्राचार्य और व्याख्याता पदोन्नति शीघ्र करने का भरोसा दिलाया है। इसके साथ ही शिक्षक संगठनों से भी अपील की है, वे इन त्रुटियों को साक्ष्य सहित प्रस्तुत करें उस पर कार्यवाही जरूर होगी और उन गलतियों को दूर किया जायेगा।

### मंदिर में चोरी, रुपए से भरी दान पेटी ले गया चोर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के खम्हारडीह क्षेत्र में स्थित सुरेश्वर महादेव पीठ मंदिर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर मंदिर में रखी रुपए से भरी दान पेटी चोरी कर ले गए। घटना 16-17 दिसंबर की दरम्यान रात की है। मंदिर थाना से करीब दो सौ मीटर दूरी पर है। इसके बाद भी मंदिर में चोरी होना कहीं न कहीं पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है। पुलिस के अनुसार मंदिर के मुख्य पुजारी स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने घटना की रिपोर्ट मंगलवार को सुबह थाने में दर्ज कराई है।






बाबा ने 'मनखे मनखे एकसमान' का दिया था संदेश

# गुरु घासीदास जयंती समारोह में पंथी नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के महान संत, सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरु घासीदास की 268 वीं जयंती प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में उत्साहपूर्वक मनाई गई। प्रधानपाठक मधु तिवारी ने गुरु घासीदास की जीवनी से बच्चों को परिचित कराते हुए बताया कि उन्होंने सतनाम पंथ की स्थापना के साथ समाज में नई जागरुकता लाने का कार्य किया। बिलासपुर के गिरोधपुरी में जन्मे बाबा गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त जातिगत विषमता को खत्म करने के साथ-साथ समाज में सभी लोगों को एक समान माना। इस अवसर पर गुरु घासीदास की स्तुति पर आधारित आकर्षक पंथी नृत्य का प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया गया, जिसे भरपूर सराहना मिली। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति में शिक्षिका स्मिता नेताम ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया।

■ प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में हुए कार्यक्रम

## हायर सेकंडरी स्कूल हरवेल में मनी घासीदास जयंती



**केशकाल।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में 18 दिसम्बर को गुरु घासीदास जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कंवल सिंह पोया, हरवेल संकुल प्राचार्य जयराम मरकाम, संकुल समन्वयक पुरुषोत्तम नायक, रामसाय नाग, अर्जुन नाग और संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर गुरु घासीदास का पूजा अर्चना कर उनके विचारों को जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया। साथ ही शासन के मंशानुरूप सुशासन दिवस मनाते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में निबंध, चित्रकला, भाषण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन झगेश्वर गौर शिक्षक डिहीपारा हरवेल द्वारा किया गया।

## बुनागांव संकुल में विविध कार्यक्रम आयोजित





**कोण्डागांव।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन के एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल आधारित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 18 दिसंबर को बुनागांव संकुल में गुरु घासीदास जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। संकुल के सभी स्कूलों में आयोजित इन कार्यक्रमों में रंगोली, चित्रकला, निबंध, स्लोगन, भाषण और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक पंथी नृत्य रहा, जिसने सभी का मन मोह लिया। जनपद प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बुनागांव में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संकुल समन्वयक धरम देवांगन ने संबोधित किया। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास को महान संत और समाज सुधारक बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया। मानवता के कल्याण के लिए सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में शिक्षिका शकुंतला यादव, रूपेश कल्लो, सूरज नेताम, प्रदीप नाग, प्रतिभा जुर्री, रोशनी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी नेताम, ग्राम के सक्रिय पालकगण और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता ने गुरु घासीदास के विचारों को प्रसारित करने और बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जिशान हुसैन ने राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

## अंडर-19 वर्ग में किया शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

लुधियाना पंजाब में 11 से 17 दिसंबर तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में कोंडागांव जिले के जिशान हुसैन ने जूडो अंडर-19 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी की 41वीं वाहिनी में प्रशिक्षण प्राप्त जिशान ने प्रतियोगिता में दमदार खेल दिखाया। कोंडागांव जिले से कुल पांच खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, लेकिन जिशान ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा से जिले को गौरवान्वित किया। आईटीबीपी के उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय, भुवनेश्वर के निर्देशन में 41वीं वाहिनी द्वारा लगातार चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवा राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। जिशान की इस उपलब्धि पर वाहिनी के जूडो प्रशिक्षक नारायण सोरेन और उदयसिंह यादव को वाहिनी के सेनानी नरेंद्र सिंह और जिला प्रशासन कोंडागांव ने बधाई दी। जिशान की जीत ने जिले के युवाओं को प्रेरित किया है और उनके प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर कोंडागांव को एक नई पहचान मिली है।

■ 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता लुधियाना में हुई आयोजित

# माड़ मुठभेड़ में घायल नाबालिगों का पुलिस की सुरक्षा में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

माड़ के कलहाजा-डोंड़रबेड़ा के जंगल में मुठभेड़ में हुई गोलीबारी में ग्राम पंचायत दिवालुर व मुरवाड़ा के चार नाबालिग भी चपेट में आ गए थे जिन्हें नक्सली ढाल बनाकर पुलिस पर फायरिंग कर रहे थे। मुठभेड़ में घायल नाबालिगों का भैरमगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर में पुलिस की सुरक्षा में डाक्टरों द्वारा उपचार कराया जा रहा है। आईजी सुंदरराज पी ने प्रेस स्टेटमेंट जारी करते हुए बताया कि माओवादी संगठन का क्रूरतापूर्ण चेहरा एक बार पुनः हुआ उजागर। शीर्ष माओवादियों के प्रोटेक्शन टीम से हुई मुठभेड़ में स्वयं सुरक्षित मैदान छोड़कर भागने के लिए नाबालिगों व ग्रामीणों को अपनी सुरक्षा के लिए मानव कवच के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। महिलाएं तथा बच्चे से लेकर पूरे समाज के लिए नासूर बन गये माओवादियों की इस तरह की कायराना व अमानवीय हरकतें अब माओवादी संगठन के खात्मे का कारण बनेगी।

■ घायल नाबालिग ग्राम पंचायत दिवालुर व मुरवाड़ा के निवासी

आईजी ने बताया कि 14 दिसम्बर को पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि जिला नारायणपुर थाना ओरछा अंतर्गत ग्राम रेकावाया, इदवाड़ा, कालहाजा, ढोंढरबेड़ा, लेकावाड़ा ब्रेहबेड़ा व आस-पास के जंगल पहाड़ क्षेत्रों मे प्रतिबंधित माओवादी संगठन के कैडर्स अपने डेरा में उनके संगठन के ग्राम रक्षा सदस्य तथा कुछ ग्रामीणों एवं नाबालिकों को संतरी ड्यूटी करने और नक्सलियों का सामान ढोने के लिए साथ में रखा गया था। 12 दिसम्बर के मुठभेड़ के दौरान इन्हीं ग्रामीणों एवं ग्राम रक्षा दल सदस्यों की आड़ लेकर सुरक्षा बलों पर फायरिंग की गई थी जिसमें कुछ ग्रामीण, ग्राम रक्षा दल सदस्य एवं आस-पास उपस्थित कुछ ग्रामीणों को नक्सलियों द्वारा फायर की गई गोलियों एवं नक्सलियों द्वारा दागे गए बीजीएल सेल के फटने से घायल होने की सूचना मिली थी। जिसकी तस्दीक पुलिस द्वारा की जा रही थी।

इस दौरान 14 दिसम्बर को सूचना मिली कि ग्राम दिवालुर पंचायत मुरवाड़ा के आस-पास क्षेत्र से 3-4 ग्रामीण जिसमें कुछ नाबालिग भी हैं मुठभेड़ में नक्सलियों की फायरिंग से घायल हुए तथा ईलाज की उन्हें आवश्यकता है। घायल नाबालिगों का भैरमगढ़ अस्पताल में ईलाज के लिए लाया गया। भैरमगढ़ अस्पताल में प्राथमिक ईलाज कराया गया था जिसके बाद बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर में उपचार की उचित व्यवस्था की गई।



### सामाजिक कार्यकर्ता ने लगाए गंभीर आरोप

सामाजिक कार्यकर्ता सोनी सोढ़ी बुधवार को सबंधित गांव में पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के बाद बताया कि माड़ में 12 दिसंबर को पुलिस ने जिस मुठभेड़ में 7 माओवादियों के मारे जाने का दावा किया था उसमें 4 आदिवासी बच्चों को भी गोली लगी है। आम तौर पर मुठभेड़ प्रभावित गांवों में सैकड़ों की संख्या में सुरक्षाबल के जवान मुठभेड़ के बाद सर्चिंग ऑपरेशन चलाते हैं। लेकिन इस मुठभेड़ के 6 दिन बाद जा कर पुलिस ने बयान जारी करते हुए बच्चों के घायल होने की बात कही है।इधर माओवादियों ने बयान जारी कर दावा किया था कि इस मुठभेड़ में पुलिस ने उनके दो साथियों का मार डाला। वहीं 5 ग्रामीणों को पकड़ कर मार डाला जिनका माओवादी संगठनों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने बताया कि घायल बच्चों में एक के गर्दन पर गंभीर चोट आई है इसलिए उसे रायपुर रेफर किया गया है। इधर सामाजिक कार्यकर्ता प्रभावित गांवों में पहुंची तब जा कर बच्चों को गोली लगने की बात सामने आई। बच्चों को इलाज के लिए शहर के अस्पताल जाने का दबाव बनाया तब उन्हें उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया।

### इन नक्सलियों की थी मौजूदगी

10 दिसम्बर को जिला नारायणपुर के थाना ओरछा क्षेत्र अंतर्गत दक्षिण अबुझमाड़ के ग्राम रेकावाया, इदवाड़ा, कालहाजा, ढोंढरबेड़ा, लेकावाड़ा, कोंदाकोटी, ब्रेहबेड़ा व आसपास के जंगल पहाड़ क्षेत्रों मे प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई (एम) के सदस्य अल्लुरी कृष्णा कुमारी (एसजेडसीएम) माड़ डिवीजन प्रभारी, कार्तिक उर्फ दशरू (एससीएम) सचिव पश्चिम ब्यूरो, रनिता (एसजेडसीएम) सचिव माड़ डिवीजन, दीपक (डीव्हीसीएम) सचिव इन्द्रावती एरिया कमेटी, मल्लेश (डीव्हीसीएम) डीके सप्लाई टीम इंचार्ज, सपन्नका (डीव्हीसीएम) माड़ डीवीजन सप्लाई इंचार्ज, विमला (डीव्हीसीएम) कमांडर पीएलजीए प्लाटुन नं0 16, रामदास (एसीएम), मासे (एसीएम), कोसी (एसीएम) के साथ लगभग 50-60 प्रतिबंधित संगठन के सशस्त्र माओवादियों की अपने संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति तथा शासन विरोधी अपराधिक गतिविधियों को संचालित करने एकत्रित होने की एसआईबी तथा स्थानीय आसूचना पर डीआरजी. नारायणपुर, दन्तेवाड़ा, कोण्डागांव, जगदलपुर, एसटीएफ व सीआरपीएफ ग्राम कालाहाजा, लेकावाड़ा, कोंदाकोटी के जंगल पहाडी की ओर रवाना हुए थे।

## विजय दिवस पर 1971 युद्ध के संबंध में बताया

# लेफ्टिनेंट जनरल बीके चतुर्वेदी ने साझा की युद्ध की आपबीती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 1971 भारत-पाक युद्ध के साक्षी लेफ्टिनेंट जनरल बी.के. चतुर्वेदी ने अपने युद्ध अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने सीमित संसाधनों के बावजूद पाकिस्तानी सेना को करारी शिकस्त दी। 93 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया। इस ऐतिहासिक जीत के परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र होकर बांग्लादेश के रूप में स्थापित हुआ। कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र त्रिपाठी ने कोण्डागांव के पूर्व सैनिकों की सराहना की। उन्होंने बताया कि यहां के पूर्व सैनिकों ने 1,200 बच्चों को प्रशिक्षण देकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने में अहम योगदान दिया है। राष्ट्रीय महासचिव रमेश प्रसाद पांडे ने युवाओं को मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का संदेश दिया। नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव ने पूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों के प्रशिक्षण के साथ नगर की सफाई व्यवस्था में भी सहयोग कर रहे हैं। नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा कि आज भारत सैन्य-शक्ति में इतना सशक्त है कि वह दुश्मनों को उनके घर तक जाकर करारा जवाब दे सकता है।

### ये हुए शामिल

*इस अवसर पर कोण्डागांव के पूर्व सैनिकों और नवजवानों के प्रयासों की विशेष सराहना की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, नगरवासी और युवा शामिल हुए।*

## पेज 11 के शेष

### बस्तर की राशन ...

की रेंडम जांच की गई, 15 शिकायतों में 14 सही पाई गई। एक शिकायत गलत की गई, 14 में से 3 दुकानों का आवंटन निरस्त, 3 दुकाने निलंबित और 8 दुकानें एसडीएम ने अटैच की है।

वितरक को चोरी करने पर मजबूर किया जा रहा, कैसे चलेंगी राशन दुकानें : विधायक ने कहा कि इसके साथ ही राशन दुकानों में कमीशन समय पर वितरण नहीं होता। बारदाना का पैसा 2-3 सालों से अभी तक नहीं मिला है, वितरक कैसे चलायेंगे ? आप कमीशन समय पर नहीं देते हैं? उसके बाद आप लोग उसको चोरी करने के लिये मजबूर कर देते हैं। समय पर वितरण हो जाये, समय पर सब-कुछ हो जाये तब तो होगा, व्यवस्था सुधरेगी इसलिये राशन वितरण में भारी अनियमितता है, अव्यवस्था है। इस संबंध में आप जमीनी स्तर पर टी भेजिये, यह मेरी मांग है।

### निगम कर्मियों की ...

आगामी चुनाव में परिवार सहित मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के कई नगरीय निकायों में एक से तीन माह का वेतन भुगतान लंबित है। वहीं इस हड़ताल से पेयजल, सफाई कार्य सहित कार्यालय का कामकाज प्रभावित हो रहा है।

### पीएमजीएसवाय के...

दी है। पीएमजीएसवाय विभाग के मुख्य अभियंता पर्यटन स्थल चित्रकोट से लेकर अंदरूनी इलाकों के सड़कों को उचित रखरखाव और प्रस्तावित सड़कों पर कोई कोताही बरतने को लेकर भी अधिकारियों को सतर्क किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अनुसार अंदरूनी क्षेत्रों में ग्रामीणों को सुविधा के लिए बेहतर सड़कों को बनाना चाहिए।

### विद्युत कंपनी बेहतर ...

समस्या से छुटकारा मिलेगा। ग्रामीणों ने बताया कि रात में बिजली बंद होने से पढ़ने वाले बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उपकेन्द्र बनने से राहत मिलेगी।

एजेंसी को दिए निर्देशः विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि जगरगुंडा के उपकेन्द्र का निर्माण कार्य के क्रियान्वयन एजेंसी को अतिशीघ्र निर्माण करने निर्देश दिए गए है। वर्तमान में तेलंगाना राज्य की बिजली को अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य से विद्युत आपूर्ति बहाल किए गए 29 ग्रामों को भी जगरगुंडा उपकेन्द्र से विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

### कोपागुड़ा सुपर ....

लगा चुकी है। कुल मिलाकर यह सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर नहीं है जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी विशाल पदयात्रा करेगी। इस दौरान वीरेंद्र साहनी, ब्लॉक अध्यक्ष लैखन बघेल, राजेश कश्यप, सहदेव नाग, संतोष सेठिया,संजय मसीह, प्रभुदास, राजेंद्र बघेल, बलराम कोकडु, जालंधर बघेल, विजय सिंह, विजय बिसाई, सीताराम कश्यप, देवीसिंह बघेल, रामाधार, चैतराम, रूपमती, अमित पांडेय, विनोद सेठिया, सुकलधार नाग, शोभाराम, रूपनाथ आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने टीम का गठन

**बीजापुर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024, नगर पालिका परिषद बीजापुर के निर्वाचन प्रक्रिया में बीजापुर जिले में आदर्श आचरण संहिता के पालन करवाने हेतु आदर्श आचरण संहिता एमसीसी टीम का गठन किया गया है। जिसके तहत जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी रा. बीजापुर को प्रभारी अधिकारी तथा डीआर ध्रुव तहसीलदार बीजापुर एवं क्रुपा समुद्रा पाल दास वेपुरी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### युवा महोत्सव का आयोजन आज से

**सुकमा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के तत्वाधान में कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने तथा युवाओं की छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पुराणिक ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 19 दिसंबर को सुकमा, कोंटा और छिंदगढ़ में किया जाएगा और जिलास्तरीय आयोजन 22 दिसंबर को सुकमा में किया जाएगा। महोत्सव में विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक एवं एकल लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रलेखन, भाषण प्रतियोगिता, कविता, हस्तशिल्प विकास एवं विज्ञान मेला से संबंधित आयोजन किए जाएँगे। युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी युवा अपने निवास क्षेत्र के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### संपत्ति विरूपण के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** नगर पालिका परिषद बीजापुर के निर्वाचन प्रक्रिया में आचार संहिता प्रभावशील होने के तिथि से मतगणना परिणाम की घोषणा होने तक नगर पालिका परिषद बीजापुर में छत्तीसगढ़ सम्पति विरूपण अधिनियम 1994 का पालन कराने एवं कानून व्यवस्था प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तहत नगरीय क्षेत्र में लगाये गये अनुचित दिवाल पेटिंग, पोस्टर, पाम्पलेट, बैनर आदि को निकालने/हटाने के लिए तथा दैनिक प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु क्रुपा समुद्रा पाल दास वेपुरी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् बीजापुर को प्रभारी अधिकारी नियुक्त गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### अनुमति प्रदान करने प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** नगर पालिका क्षेत्र बीजापुर में आचार संहिता लागु होने के साथ-साथ अध्यक्ष/पार्षद के लिए मतदान तथा मतगणना किया जायेगा। आचार संहिता के प्रभावशील अवधि में नगर पालिका क्षेत्र में आम सभा, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा वाहन की अनुमति देने हेतु प्रभारी अधिकारी जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर को नियुक्त किया गया है। तथा इनकी अनुपस्थिति में कार्य निर्वहन करने हेतु उत्तम सिंह पंचारी डिप्टी कलेक्टर बीजापुर को नियुक्त किया गया है।

### डीएमसी, बीआरसी और अधीक्षिका के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

# दोषियों को बचाने को अड़ा प्रशासन

## चक्का जाम और कलेक्टोरेट घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा




छिंदगढ़ ब्लॉक के बालाटिकरा स्थित आवासीय पोटाकेबिन में दूसरी की छात्रा की मौत का मामला राजनीतिक मोड़ ले लिया है। कांग्रेस ने जिला प्रशासन पर भाजपा नेता की अधीक्षिका पत्नी को बचाने का आरोप लगाया है।

सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने बच्ची की मौत के लिए पोटाकेबिन प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस जांच दल को पोटाकेबिन में घुसने नहीं देना और पुलिस द्वारा बैरिकेटिंग कर बल पूर्वक रोका जाना, इस बात को प्रमाणित करता है कि जिला प्रशासन दोषियों को बचाने पर अड़ा हुआ है। पोटाकेबिन में फैली अव्यवस्था और बच्चों की दी जाने वाली सुविधाओं की सच्चाई बाहर न आ जाए इसलिए प्रशासन हर स्तर पर कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा है। लेकिन कांग्रेस इस मुद्दे को छोड़ने वाली नहीं है। जब तक डीएमसी, बीआरसी और अधीक्षिका के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज नहीं हो जाता तब तक आंदोलन करते रहेगी। जल्द ही कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट घेराव के साथ चक्का जाम किया जाएगा। मीडिया से चर्चा करते हुए कवासी हरीश ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में एर्राबोर में एक मामला सामने आया था, जिसमें तत्काल कार्रवाई करते हुए बीआरसी, बीईओ और अधीक्षिका को निलंबित किया गया था। लेकिन भाजपा के आदिवासी सीएम की सरकार में आदिवासी बच्चों को मौत के मुंह में धकेलने वालों को संरक्षण दिया जा रहा है।

अव्यवस्था पर अधीक्षिका की शिकायत लेकर पोटाकेबिन की छात्राएं कलेक्टोरेट आई थीं। यदि समय रहते जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग छात्राओं की समस्याओं को गंभीरता से लेता तो आज यह नौबत नहीं आती। पोटाकेबिन अधीक्षिका भाजपा नेता की पत्नी है इसलिए प्रशासन द्वारा बचाया जा रहा है। भाजपा नेताओं के दबाव में जिला प्रशासन काम कर रहा है। आदिवासी बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने नहीं देंगे। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम की व्यवस्था नहीं है। आज भी जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

### प्रभारी मंत्री केदार कश्यप को लिया आड़े हाथों

हरीश कवासी ने प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के हाल ही दिए गए बयान पर कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि केदार कश्यप नारायणपुर के विधायक हैं और उनके निर्वाचन क्षेत्र में ही शैक्षणिक संस्थाओं को बुरा हाल है। बालिका आवासीय विद्यालयों में आदिवासी छात्राएं शौचालय में सोने को मजबूर हैं। मामला प्रकाश में आने के बाद प्रभारी मंत्री का बेतुका बयान सामने आता है। उनके द्वारा खबर छापने वाले पत्रकारों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी जाती है। इस दौरान सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू, राजू राम नाग, शेख सज्जार, समीर खान, राजेश नारा, मुकेश कश्यप, मोहम्मद हुसैन और सतेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

## नगरपालिका कर्मचारियों के हड़ताल से शहर में फैली अव्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली

बचेली नगर पालिका के प्लेसमेन्ट और नियमित कर्मचारियों के हड़ताल के कारण शहर में चारों और गंदगी पसरा पड़ा है। नालिया गंदगी से भरी पड़ी है। पुराना मार्केट से लेकर 2 नम्बर बंगाली कैप तक हर जगह गंदगी का आलम है। हड़ताल का असर साफ-सफाई के साथ-साथ जलापूर्ति पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। साथ ही दैनिक वेतन भोगी और नियमित कर्मचारियों के मांग के कारण हड़ताल पर जाने से पालिका का नियमित कार्य भी ठप्प पड़ा हुआ है। टेंडर प्रकिया, सरकारी जानकारी, मैंटेनेन्स के सभी कार्य बंद पड़ा हुआ है। शहर अस्त-व्यस्त है और समस्या के समाधान की संभावना कम दिखाई पड़ रही है। इनका पालिका क्षेत्र में ठेका प्रथा खत्म करना, वेतन बढ़ाना, पुराने प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करना, 1 तारीख को वेतन प्रदान करना मांग शामिल है। प्लेसमेंट कर्मचारियों और नियमित कर्मचारियों की अलग-अलग मांग है।

## जल एवं ऊर्जा संरक्षण पर किसानों को जागरूक करने कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसेंसी भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति कृषकों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से अर्द्ध दिवसीय कार्यशाला क्रेडा विभाग द्वारा 65 किसान को कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर पनारापारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में अरुण कुमार सकनी वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना से किया गया। संदीप कुमार बंजारे सहायक अभियंता द्वारा किसानों को ऊर्जा एवं जल संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए ऊर्जा बचत करने के हेतु स्टार रेटेड विद्युत उपकरणों के उपयोग कर बिजली बचत करने हेतु जागरूक करते हुए प्रशिक्षित किया गया साथ ही साथ बिजली उत्पादन के साधन कोयला, ईंधन, कच्चा तेल सीमित मात्रा को देखते हुए सौर ऊर्जा से संचालित सौर संयंत्रों की स्थापना एवं उनका ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। जल संरक्षण के संबंध में वरिष्ठ वैज्ञानिक ने अपने अनुभव साझा करते हुए ड्रिप सिंचाई कर कम से कम पानी से अधिक उत्पादन करने हेतु जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में क्रेडा विभाग के दुर्गेश सिंह ठाकुर, धनसिंग ठाकुर ऊर्जा संरक्षण प्रभारी, क्रेडा के अन्य कर्मचारी, कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर बीके ठाकुर, अरविन्द कुमार आयम, दिनेश कुमार मरापी कृषि एवं अन्य उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ में मितानिन सम्मेलन




बीजापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ में मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में खंड चिकित्सा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उपस्थित रहे। बीईटीओ, डीसी, बीसी, एसपीएस, एमटी मितानिन कार्यक्रम भी उपस्थित रहे।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा मितानिनों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए निक्षय निरामय अभियान अंतर्गत टीबी लेप्रोसी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी संभावित मरीजों को चिन्हांकित करने हेतु निर्देशित किया गया। अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली मितानिन बहनों को शाल देकर सम्मानित किया गया। सभी मितानिन बहनों के साथ अन्य गतिविधियां खेलकूद आदि भी की गई। अंत में सभी मितानिनों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

## जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब का दो दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार और जिला शिक्षा अधिकारी एलएल धनेलिया एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कमलदास झाड़ी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 दिसंबर एवं 17 दिसंबर को कन्या रेसीडेंशियल स्कूल बीजापुर ऑडिटोरियम में एपीसी प्रशिक्षण, डीआरजी एवं बीआरजी शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

जिले की सभी विकासखंडों से चयनित 10-10 कुशल मास्टर ट्रेनर्स कुल 40 बीआरजी शिक्षकों का राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स डीआरजी अनिल मिश्रा एवं राजकुमार मोडियम द्वारा यूथ एवं इको क्लब में पोषण वाटिका के अंतर्गत छात्रों के भविष्य के लिए एक कदम, जगह का चयन, मिट्टी की तैयारी, फसल का चयन, फसल चक्र, बीच संकलन, प्रदर्शनी, नक्शा, बुवाई, फसल वृद्धि के कारण, फसल सुरक्षा तथा कटाई जैसे उद्देश्यों को समझाया गया। इसके अलावा प्लास्टिक साक्षरता के अंतर्गत पानी में प्रदूषण, समुद्र पर प्लास्टिक के दुष्परिणाम, प्लास्टिक का परिचय, प्लास्टिक और उसके प्रकार, प्लास्टिक का सफर, प्लास्टिक के दुष्परिणाम, प्लास्टिक के विकल्प, जमीन मेला से संबंधित गतिविधियां कराई गई। इस प्रशिक्षण में विकासखंड से आए बीआरजी शिक्षकों ने पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण लिया। अंतिम दिवस एपीसी प्रशिक्षण वेंकट रमन द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण में बताई गई सभी बिंदुओं को विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण में बताते हुए यूथ एवं इको क्लब का बेहतर क्रियान्वयन करने हेतु प्रेरित किया गया।

## सुशासन दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया गया। जिसके अन्तर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय से लेकर कलेक्टर गेट तक साइकिल रैली भी निकाली गई। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सरकार के द्वारा रेड रिबन काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें सुशासन दिवस पर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं उपलब्धियों की चर्चा भी की गई। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं को छात्र-छात्रा के मध्य सांझा किया। साथ ही नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, संगोष्ठी में छात्रा-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्रंथपाल कार्यक्रम संयोजक एवं सदस्य सुश्री प्रभा मांझी, डॉ. दिनेश कुमार लहरी, डॉ. भारती रजक, के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता गण, कर्मचारीगण एवं छात्रा-छात्राएं उपस्थित थे।

## जावंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर आरंभ




**गीदम।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत मडसे में सरपंच रामू राम वेक के द्वारा हुआ। इस अवसर पर पंच सोनी, लखमू राम वेक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। शिविर कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवम शिविर संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र माहला के सहयोग से रहा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अंकित कुमार गुप्ता संघ प्रमुख गीदम ब्लॉक उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चो को प्रेरणा रूपी बातें कही एवं उद्देश्य को साझा किया। इस कार्यक्रम में शिविर के 55 से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लेकर 7 दिन के इस विशेष शिविर को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## भैरमगढ़ व भोपालपटनम में 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

कृषि विभाग द्वारा 15 जिलों के 27 विकासखण्डों में निवासरत ग्रामीण आदिवासी परिवारों के आय में वृद्धि एवं वर्षभर पोषित आहार की उपलब्धता हेतु वर्ल्ड बैंक एवं आईएफएडी के सहयोग से चिराग परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिये संबंधित ग्रामों से महिलाओं का चयन किया गया है। 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक चयनित महिलाओं पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिये तकनीकि सहयोगी संस्था पीसीआई के सहयोग से 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का परिचय, कुपोषण, संतुलित आहार, कृषि एवं पोषण में संबंध के द्वारा दैनिक भोजन में आहार विविधता के लिये सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हेतु संचार किये जाने के लिये मास्टर ट्रेनर्स, सुपरवाईजर, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि अधिकारी प्रताप सिंह कुशरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पिंगल कुमार नाग, ब्लॉक टेक्नोलॉजिकल अधिकारी, शांता मरकाम वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी दीपक कुमार जैन एवं कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

### माओवाद प्रभावित क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

# हमें विश्वास हो रहा कि हम भी अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं : मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा



माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्ला नार योजना के तहत महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही हैं। शासन की मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण महिलाओं को कपड़ा सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में जोर देने के साथ ही उनके बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का अवसर भी प्रदान कर रही हैं। यह प्रशिक्षण न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर की दिशा में जोर देने के साथ उन्हें समाज में एक नई पहचान भी दे रहा है। संवेदनशील ग्राम एल्मागुण्डा में आस-पास के गांवों की 30 महिलाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कपड़ा सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण में शामिल देवे मंडावी ने बताया कि पहले हमें लगता था कि केवल पुरुष ही कमाई कर सकते हैं, लेकिन अब हमें यह विश्वास हो रहा है कि हम भी अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। शासन-प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए मंडावी ने अपने जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाला कदम मान रही हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ उन्हें आत्मनिर्भरता और अग्रसर हो रही है। इस प्रशिक्षण का असर महिलाओं के नजरिए और आत्मविश्वास पर साफ दिख रहा है। प्रशिक्षण में भाग ले रही सोढ़ी राजे ने बताया कि कपड़ा सिलाई का प्रशिक्षण पाकर हम न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि अपने परिवार का आर्थिक सहयोग भी कर पाएंगे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सर्व नाई सेन समाज के जिलाध्यक्ष बने मनोज



**जगदलपुर।** सर्व नाई सेन समाज के बस्तर जिलाध्यक्ष के रूप में पुनः मनोज ठाकुर की नियुक्ति की गई है। समाज के भवन में आयोजित बैठक में समाज के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य को ध्यान में रखते दूसरी बार मनोज ठाकुर को अवसर दिया गया। पिछले कार्यकाल में मनोज ने बखूबी कार्य देखते हुए मंगलवार को समाज के सभी सदस्यों ने पुनः मनोज ठाकुर के नाम पर सभी ने सहमति प्रदान की। सर्व नाई सेन समाज के द्वारा कुम्हारपारा से दंतेश्वरी मंदिर तक बाइक रैली का आयोजन किया गया। जहां दंतेश्वरी मंदिर में नवनियुक्त अध्यक्ष ने माता दंतेश्वरी की पूजा अर्चना की।

### छात्राएं अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव के लिए चयनित

**जगदलपुर।** अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय कालीपुर स्थित शिक्षा अध्ययन शाला में किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं लोक नृत्य, समूह गायन, क्विज, वाद विवाद, रंगोली, पोस्टर मेकिंग थीं। इस प्रतिस्पर्धा में चयनित छात्र छात्राओं का भारतीय विश्वविद्यालय बैंगलुरू में साऊथ -ईस्ट जॉन अंतरविश्वविद्यालयीन युवा उत्सव में हुआ है। जिसमें शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय की छात्राओं का भी चयन हुआ है जिसमें दक्षिता राठौर बी ए तृतीय वर्ष (विपक्ष) वाद - विवाद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ हैं द्वितीय में गजाला परवीन (पक्ष) रही हैं समूह नृत्य में प्रथम रही हैं साक्षिता रेड्डी, दीपा श्रीवास, खीरबती, मानसी, मुस्कान, जयंती, दिपिका, यशोदा एवं समूह गायन में नेहा कश्यप, मनमती सिन्हा, सावित्री बघेल ये सभी छात्राएं विभिन्न विधाओं में अंतरमहाविद्यालयीन युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त की हैं। प्राचार्य डॉ अनामिका झा, डॉ योगेन्द्र मोतीवाला,ज्योति त्रिपाठी एवं अन्य सभी प्राध्यापको का समय समय पर मार्गदर्शन मिलता रहा हैं और ये महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात हैं उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली




**जगदलपुर।** शहर के शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित 7 दिवसीय शिविर के अंतर्गत मंगलवार को छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली और पूरे गांव में घर-घर जाकर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य किया। परियोजना कार्य के तहत प्रायमरी हेल्थ सेंटर के परिसर और आसपास के स्थलों में साफ-सफाई की गई। इसके साथ ही बौद्धिक परिचर्चा के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

## हर्षोल्लास के साथ मनी गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती...







**जगदलपुर।** सतनामी समाज ने बुधवार को गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती के अवसर पर बाबा के जीवन आदर्श पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर रविवार की सुबह जैत खंब पूजन व आरती की गई, समाज के प्रमुख जनों ने ध्वजारोहण किया। बाबा घासीदास के जीवन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा के जीवन के आदर्शो एवं संदेशों को सर्वकालिक प्रासंगिक बताया, संध्या कल्चरल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रगतिशील सतनामी समाज की ओर से जंयती पर बाबा के जीवन दर्शन पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगोष्ठि में वक्ताओं ने कहा कि सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है कि अवधारणा के साथ सतनाम का संदेश देकर सतनामी समाज की स्थापना की। गुरु घासीदास जंयती पर सतनामी विकास परिषद भवन में आकर्षक झांकी सजाया गया था जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।

## शुल्क नहीं मिलने से संभाग में मंडी के अधिकारियों व कर्मियों को वेतन के लाले

**एक वर्ष से विपणन ने नहीं दिया संभाग के 11 मंडियों को 1.34 अरब का मंडी व निराश्रित शुल्क**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के सातों जिले के राज्य सहकारी विपणन संघ की ओर से 11 कृषि उपज मंडियों को शासकीय धान खरीदी पर मंडी शुल्क दिया जाता है, जिसके चलते वर्ष 2023-24 से संघ पर एक अरब

- भुगतान नहीं होने से मंडी ने जिला प्रशासन को नहीं दे पाया 9 .53 करोड़ रूपए निराश्रित शुल्क

34 करोड़ 39 लाख 39 हजार 059 रूपए बकाया है। इससे मंडी बोर्ड ने जिला प्रशासन को 9 करोड़ 53 लाख 68 हजार 508 रूपए निराश्रित शुल्क नहीं दे पाया। वहीं दूसरी ओर इससे मंडी के




अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ गए हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 के शासन धान खरीदी का कृषि मंडी जगदलपुर को 26 करोड़ 64 लाख 57 हजार 502 रूपए, कोंडागांव को 18 करोड़ 30 लाख 87 हजार 042 रूपए, केशकाल को 10 करोड़ 19 लाख 42 हजार 665 रूपए, कांकेर 13 करोड़ 24 लाख 77 हजार 448 रूपए, चारामा 12 करोड़ 29 लाख 03 हजार 567 रूपए, सम्बलपुर 10 करोड़ 39 लाख 57 हजार 500 रूपए, पंखाजूर को 19 करोड़ 96 लाख 75 हजार 999 रूपए, गीदम को 3 करोड़ 70 लाख 59 हजार 126 रूपए, कोंटा को 6 करोड़ 56 लाख 09 हजार 678 रूपए, नारायणपुर को 3 करोड़ 36 लाख 93 हजार 148 रूपए एवं बीजापुर को 9 करोड़ 70 लाख 63 हजार 384 रूपए का मंडी और निराश्रित शुल्क राज्य सहकारी विपणन संघ ने नहीं दिया। मंडी शुल्क नहीं मिलने से मंडी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वेतन के मुश्किल हो रहा है। संभाग के 11 मंडी के सचिव क्षेत्र के राज्य सहकारी विपणन संघ के अधिकारी को समय-समय पर लंबित मंडी शुल्क के लिए नोटिस दिया पर इस पर विपणन संघ ध्यान नहीं दे रहे।

### सचिवों को दिए निर्देश

मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने बताया कि संभाग के सातों जिलों के कृषि उपज मंडी के सचिवों को निर्देश दिया कि वे संबंधित जिला विपणन अधिकारी को लंबित मंडी शुल्क शीघ्र ही भुगतान करने का नोटिस दें। इस पर लापरवाही होने पर सचिवों को नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 15 दिन में किया जाएगा भुगतान

बस्तर जिला के राज्य सहकारी विपणन संघ अधिकारी राजेन्द्र कुमार ध्रुव ने इस संबंध में बताया कि मंडी व निराश्रित शुल्क विपणन मुख्यालय रायपुर से सीधे मंडी को भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 का बकाया शुल्क लगभग 15 दिन में मंडी को भेजा जाएगा।

## कांग्रेसियों ने मनाई बाबा गुरु घासीदास की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में बुधवार को बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में बाबा गुरू घासीदास की जयंती सादगीपूर्ण मनाई गई। जिलाध्यक्ष मौर्य सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा गुरु घासीदास की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मौर्य ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त बुराइयों को जब देखा तब उनके मन में बहुत पीड़ा हुई तब उन्होंने समाज से छुआछूत मिटाने के लिए मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। गुरु घासीदास का जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक और मानव जाति के लिए अनुकरणीय हैं। इस दौरान हनुमान द्विवेदी, अंगद प्रसाद त्रिपाठी, हरिसिंह, रविशंकर तिवारी,सुभाष गुलाटी, पापिया गाइन, शहनाज बेगम,सूर्यापानी, कमलेश पाठक, महेश द्विवेदी, संदीप दास, ईश्वर बघेल आदि मौजूद रहे।

## वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण से सक्षम बन रही कोड़ेबेड़ा की उत्पादक समूह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के विकासखण्ड लोहण्डीगुडा अंतर्गत कोड़ेबेड़ा की पैरी महिला स्व सहायता समूह गांव और समीपस्थ हाट-बाजार में वनोपज संग्रहण करने के साथ ही उसका प्रसंस्करण कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। इस उत्पादक समूह की सदस्य महिलाएं अपने इस कार्य को पूरी लगन एवं मेहनत से कर स्वयंसिद्धा बनने की ओर अग्रसर हैं। उत्पादक समूह की दीदी रत्ना बताती हैं कि अपने गांव तथा आसपास के हाट-बाजार में विभिन्न समूह सदस्यों के द्वारा ईमली एवं मक्का उत्पादन का कार्य किया जाता है इसलिए उपरोक्त उत्पाद को खरीदी-बिक्री करने के लिए पैरी उत्पादक समूह का गठन किया गया। उक्त उत्पादक समूह बनाने के



पश्चात एनआरएलएम से कार्यशील पूंजी के रूप में राशि प्रदाय किया गया, इस पूंजी से उत्पादक समूह के द्वारा पहले साल 2021 में कुल 40 क्विंटल ईमली एक लाख 20 हजार रुपए में खरीदे और इसे ईमली चपाती बनाकर आकर्षक पैकेजिंग कर जगदलपुर के व्यवसायी को विक्रय किए तो करीब दुगुना फायदा हुआ। जिससे समूह की महिलाएं प्रोत्साहित होकर बीते तीन साल से लगातार उक्त कार्य को बेहतर ढंग से संचालित कर रही हैं। साथ ही कृषि उत्पाद मक्का, तिलहन इत्यादि का क्रय-विक्रय भी शुरू कर चुके हैं जिससे महिला समूह की आमदनी में इजाफा हो रहा है।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा बस्तर जिले के तहत सभी सात विकासखण्ड में कुल एनआरटीपी के तहत 90 उत्पादक संगठन का गठन किया गया है जिसमे 2835 सदस्यों को शामिल किया गया हैं पीजी को इंफ्रास्ट्रक्चर एवं कार्यशील पूंजी हेतु फंड माड्युल के माध्यम से राशि प्रदाय किया गया है।

उक्त परियोजना के तहत समूह से जुडे सदस्यों का उत्पादक समूह बनाकर किसानों के उत्पाद को सही मूल्य प्रदाय किया जाता है उनके उत्पाद को बाजार मूल्य एवं उचित दाम पर खरीदी कर सही कीमत प्रदाय की जाती है। जिससे स्थानीय वनोपज संग्राहकों एवं कृषकों को भी अपने उपज का वाजिब दाम मिलता है।

## लाला जगदलपुरी की 105 वीं जयंती मनी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के मूर्धन्य लोक साहित्यकार लाला जगदलपुर की 105 वीं जयंती लाला जगदलपुरी जिला ग्रंथालय में मंगलवार को लाला जगदलपुरी ग्रंथालय के अध्यक्ष कलेक्टर एस.हरीश व सचिव जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन में मनाई गई। यह कार्यक्रम लालाजी के साहित्यिक योगदान विषय पर समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सफीरा साहू ने की, साथ ही नगर निगम के पार्षद योगेंद्र पांडे, यशवर्धन राव, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

वहीं पद्मश्री धर्मपाल सैनी और दुष्यंत कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय भोपाल के अध्यक्ष रामाराव वामनकर भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। लालाजी की हस्तलिखित रचनाओं की मूल प्रति विनय श्रीवास्तव के द्वारा ग्रंथालय को सौंपी गई। लालाजी की रचनाओं को लिपिबद्ध कर चार पुस्तकों में संजोया गया है विनय कुमार श्रीवास्तव ने जिनका संपादन किया है इन पुस्तकों का विमोचन शहर के साहित्यिक संगठनों छत्तीसगढ़ साहित्य समिति ,साहित्य भारती और कादम्बरी संस्था व ग्रंथालय के छात्र-छात्राओं के मध्य किया गया।

जगदलपुर शहर के हृदय स्थल में अवस्थित लाला जगदलपुर जिला ग्रंथालयों से अध्ययन कर कई युवाओं ने अपना भविष्य संवारा है और जिले का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर शहर के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों के अलावा साहित्य के क्षेत्र से जुड़े साहित्यकार और साहित्य प्रेमी शामिल हुए। जिसमें योगेंद्र मोतीवाला, सुषमा झा, पूर्णिमा सरोज, मोहिनी ठाकुर, नरेंद्र पाढ़ी, करमजीत कौर और विजय सिंह सहित ग्रन्थालय की छात्राएं उज्जैनी सेठी, पूजा ठाकुर साहित्यकारों का सम्मान व काव्य गोष्ठी लालाजी के जीवन का संस्मरण प्रस्तुत किया गया।

## किरंदुल-बचेली के लोगों का हो रहा है शोषण : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद एवं जिले के पदाधिकारी दंतेवाड़ा जिले के बेचली में 14 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर वन विभाग के अधिकारी एवं तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान आगामी चुनाव को लेकर चर्चा हुई एवं महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। विदित हो कि लगातार बस्तर संभाग में जनहित मुद्दों को लेकर सक्रिय रही जनता कांग्रेस पार्टी ने संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में जोर-जोर से एनएमडीसी बचेली के क्षेत्र को लेकर के समस्याओं को लेकर धरना दिया। इस दौरान टकेश्वर भारद्वाज, सौरभ झा एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। ज्ञापन में जनता कांग्रेस पार्टी ने एनएमडीसी किरंदुल में मलवा बाढ़ में डूब कर मृत परिवारों को एक करोड़ मुआवजा देने एवं एक व्यक्ति को नौकरी देने इसके साथ बाढ़ से प्रभावित



परिवारों को राज्य के बाढ़ राहत निधि के तहत उचित मुआवजा देने जैसे मांग के साथ बैलाडीला क्षेत्र के किरंदुल बचेली भासी के थानों में मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाता है एनएमडीसी में गेट पास हेतु सिर्फ उसी थाने के निवासी को दिया जाए इसकी मांग भी की गई है। इस दौरान बेला तेलाम, संतोष सिंह,लखमा कोराम, कुरशु राम मौर्य, जितेंद्र कोराम, रमेश यादव, अमरू राम बघेल समेत कार्यकर्ता उपस्थित है।

## यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समुदाय के अधिकार एवं चुनौती के संबंध में बुधवार को स्थान कार्यालय कलेक्ट्रेट के आस्था कक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष मनीष कुमार ठाकुर के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुश्री अंकिता कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। जिला स्तरीय कार्यशाला में बस्तर जिले के स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,




शिक्षा विभाग, श्रम विभाग के अधिकारी एवं प्रतिनिधि तथा एनजीओ शामिल रहे। कार्यशाला श्रीमती वीनू हिरवानी महिला संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 के संबंध में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को पीपीटी के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी गई। स्थानीय एनजीओ चेतना फाउंडेशन की सुश्री रेखा पार्या ने जानकारी दी।

### अधिनियम से महिलाओं को आगे बढ़ने की मदद

कार्यशाला में व्यवहार न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुश्री अंकिता कश्यप ने यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 के संबंध में बताया गया कि एक सुरक्षित कार्यस्थल न केवल महिलाओं की गरिमा की रक्षा करता है बल्कि एक सकारात्मक और उत्पादक वातावरण का निर्माण करता है। उक्त अधिनियम का पालन कर हम महिलाओं को समान अवसर और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने में मदद कर सकते हैं।

## विस अध्यक्ष ने फेडरेशन का किया पोस्टर विमोचन




जगदलपुर। प्रदेश में मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देने युवाओं को खेल प्रति जागरूक करने बालिकाओं को आत्मरक्षक का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन का स्थापना किया गया है, जो सेक्शन 8 कम्पनी पंजीकृत एक एनजीओ है। इसका पोस्टर विमोचन छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। विधानसभा अध्यक्ष ने संस्था के सदस्यों को समाज हित में बेहतरीन कार्य करने को कहा। विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन का निर्माण करने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी कोच संगठित होकर प्रदेश में मजबूत खेल का वातावरण बनाना, प्रदेश के बालिकाओं को आत्मरक्षक का प्रशिक्षण देकर साहसी बनाना, युवाओं को नशे के लिप्त से दूर कर खेल के प्रति जागरूक करना। प्रदेश के वनांचल क्षेत्र आदिवासी वर्ग के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मंच तक पहुंचाने के उद्देश्य से विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन पूरे प्रदेश में कार्य करेंगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्था के संचालक लखन साहू, अमन यादव, अनिल वर्मा, बस्तर से अब्दुल मोईन तथा समाजसेवी अजय अग्रवाल शामिल रहे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बस्तर संभाग एवं जगदलपुर शहर में सर्वे कार्य हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
91318 93124
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : प्रताप गंजपारा, पुनम होटल, जगदलपुर

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
CUSTOMER CARE NO.:7377511511




By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
10 जनवरी 2025
19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)